तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



11 नहर का पानी धान कटाई में पहुंचा रहा व्यवधान, किसान परेशान





12 बालिकाओं का सुआ नृत्य ...









## खबर संक्षेप

### शहर के अस्थाई पटाखा दुकानों की हुई नीलामी

**महासमुंद।** दीपावली पर्व के लिए शुक्रवार को नपाध्यक्ष सभाकक्ष में अस्थाई पटाखा दुकानों की लॉटरी सिस्टम से नीलामी की गई। उक्त नीलामी से पालिका को कुल 1 लाख 62 हजार रुपए की आय हुई। नगर पालिका के उप अभियंता अमन चंद्राकर की उपस्थिति में अस्थाई पटाखा दुकान के लिए इच्छुक लायसेंसी पटाखा व्यापारियों को लाटरी के माध्यम से दुकानों का आबंटन किया गया। राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर ने बताया कि इस वर्ष पटाखा दुकान लगाने के लिए राजस्व शाखा में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 54 आवेदकों द्वारा शुल्क का भुगतान किया गया। इस वर्ष प्रति दुकान के आबंटन में शुल्क में 500 रुपये की वृद्धि करते हुए 3000 प्रति पटाखा दुकान निर्धारित किया गया था। इससे पालिका को 1 लाख 62 हजार रुपए की आय हुई है। आबंटन के दौरान दिलीप चंद्राकर, सीताराम तेलक, नौशाद बक्श के अलावा राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व पटाखा व्यपारी उपस्थित रहे।

### शराब पीकर घूम रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीकर सार्वजनिक स्थान पर घूम रहे व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 24को ग्राम पथरला मेन चौक रोड किनारे एक व्यक्ति शराब के नशे में मदमस्त होकर घूम रहा था। जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम टीकाराम कोसरिया पिता अमृत लाल कोसरिया (35 साल) तिलकपुर का रहने वाला बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया।

**लोकार्पण :** राजस्व मंत्री ने जिले के बेमेतरा में महतारी सदन का किया लोकार्पण

# जिले में खुला पहला महतारी सदन महिलाओं के लिए उपयोगी साबित होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत बेमेतरा में जिले की पहली महतारी सदन का राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर राजस्व मंत्री ने महतारी सदन में अहाता निर्माण, दो क्रिकेट क्लब को 10-10 हजार रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही ग्राम बेमेतरा में पीड़ीएस भवन निर्माण हेतु अवश्यक कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया। ग्राम पंचायत बेमेतरा में महतारी सदन निर्माण हेतु मार्च 2024 में जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से 16 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। कार्यक्रम में मंत्री वर्मा ने कहा कि जिले में पहली महतारी सदन का लोकार्पण ग्राम पंचायत बेमेतरा में हुआ है। इस सदन के बन जाने से अब महिलाओं को बैठक आदि के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जिले में 30 महतारी सदन स्वीकृत हुआ है। हमारी सरकार गांव, गरीब, किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने ग्राम पंचायत अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों का भी लोकार्पण किया, जिसमें 3 नग पानी टंकी निर्माण, भगत सिंह तालाब में पचरी निर्माण, खोरसी नाला में 2 पचरी निर्माण, रंगमंच निर्माण, 2 सामुदायिक भवन, प्राथमिक शाला में अहाता निर्माण, चेक डेम निर्माण, सार्वजानिक शौचालय एवं गौठान निर्माण शामिल हैं।



# आकस्मिक अवकाश प्रतिबंध हटाने पर कलेक्टर ने दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संघ जिला इकाई जिला-सारंगढ-बिलाईगढ़ का एक प्रतिनिधि मंडल संघ के प्रांतीय सचिव एवं सेजेस बिलाईगढ़ के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में जिला अंतर्गत त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर कर्मचारियों के समस्त प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगाए जाने के आदेश से आकस्मिक अवकाश को मुक्त रखने का ज्ञापन सौंपा। प्रांतीय सचिव साहू ने कहा कि कर्मचारियों के हित में आकस्मिक अवकाश से प्रतिबंध हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कलेक्टर कार्यालय के अवकाश शाखा प्रभारी ओएसडी स्वर्णकार एवं स्टेनो अशोक कुमार देवांगन से मिलकर आकस्मिक अवकाश को प्रतिबंध से मुक्त शेष पेज 11 पर

- शिक्षक कांग्रेस संघ ने सौंपा था ज्ञापन

# कार्य में लापरवाही, दो आरएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही सामने आयी है। दरअसल कसडोल विकासखंड के बीएमओ ने 2 स्वास्थ्य कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पूरा मामला अस्पताल में रहकर इलाज नहीं करने का सामने आया था, जिसके बाद बीएमओ ने नोटिस जारी किया है। विदित हो कि यह पूरा मामला कसडोल विकासखंड के अर्जुनी (म) स्थित आयुष्मान उपस्वास्थ्य केंद्र का है, बीएमओ ने आरएचओ कमलेश कुमार साहू व डीकेश्वरी पैकरा को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

- शिकायत पर बीएमओ ने की कार्रवाई




विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि शंकर अजगल्ल्ले ने कमलेश कुमार साहू और डिकेश्वरी पैकरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर अर्जुनी (म) को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुऐ कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि सोनाखान क्षेत्र, अर्जुनी महराजी द्वारा आप दोनों के मुख्यालय में निवास नहीं करने, न ही अस्पताल भवन में उपस्थित होकर इलाज करने की शिकायत की है। पूर्व में भी आपको मुख्यालय में निवास कर राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संपादन हेतु निदेर्शित किया शेष पेज 11 पर

**लगातार मिल रही थी शिकायत**

लगातार मिल रही शिकायत के आधार पर नोटीस जारी किया गया है, संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

-डॉ. रविशंकर अजगल्ल्ले, बीएमओ, कसडोल

# कंटेनर के टकराने से टूटा बरपाली का स्वागत द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

गुरुवार की रात लगभग 9 बजे गिधौरी की ओर से आ रहे एक बड़ा कंटेनर ट्रक जो बरपाली टिगड्डा चौक में बने स्वागत द्वार के नीचे से पार हो रहा था तभी ट्रक का ऊपरी हिस्सा स्वागत द्वार से टकराने पर स्वागत द्वार टूटकर ट्रक के ऊपर ही गिर गया। इससे ट्रक काफी देर तक फंसा रहा। घटना की जानकारी मिलते ही गिधौरी पुलिस तत्काल थाना प्रभारी धीरेंद्र नाथ दुबे के नेतृत्व में मौके पर पहुंचकर सरपंच उत्तरा प्रेमलाल साहू के जेसीबी से ट्रक को निकालकर रास्ता साफ कराया गया। वहीं स्वागत द्वार के टूटने से ग्रामीणों ने एक तरह से खुशी जाहिर की, क्योंकि वह स्वागत द्वार पूरी से जर्जर हो चुका था, उसमें लगा हुआ टाइल्स लगतार गिर रहा था शेष पेज 11 पर




# होटलों में पहुंची खाद्य विभाग की टीम, मिठाइयों का लिया सैंपल

**भाटापारा।** त्यौहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी और उनकी टीम ने शहर के कई होटलों में निरीक्षण के दौरान मिठाइयों का सैंपल लिया। इस दौरान शहर के व्यवसायियों में हडकंप मची रही। विदित हो कि ब्लॉक के होटलों में इसके पहले भी खाद्य विभाग की टीम ने निरीक्षण किया और कार्रवाई की है। भाटापारा में त्यौहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी व उनके टीम ने शहर के अलग-अलग संस्थानों में दी दबिश दी। दबिश देकर खाद्य सामग्री का सैंपल लिया। उमेश वर्मा ने बताया कि त्योहारी सीजन में भीड़ भाड़ देखते हुए खाद्य में अमानक की मात्रा ना हो इसलिए प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है तथा सैंपल लिए जा रहे हैं। सैंपल लेने के बाद अगर कोई कमी पाई जाती है तो नियम अनुसार उसमें कार्रवाई होगी। भाटापारा के हर्षद मिष्ठान भंडार, किरण होटल, कलकत्ता स्वीट्स से लिया गया सैंपल त्योहार को देखते हुए प्रशासन किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करना चाहती।

# दीपावली पर्व शांतिपूर्वक मनाने हुई शांति समिति की बैठक

**सिमगा।** थाना परिसर में शुक्रवार को दीपावली त्यौहार के संबध में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा, थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे एवं सिमगा नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधी एवं सर्व समाज के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में दीपावली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से नगर में आपसी सौहार्द एवं शेष पेज 11 पर




## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468





## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय समूहगान स्पर्धा में केपीएस स्कूल ने मारी बाजी

**रायपुर।** भारत विकास परिषद के अखिल भारतीय कार्यक्रम 'अंतर्शालेय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता' का प्रथम चरण (जिला स्तरीय) उमरिया रायपुर स्थित वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल में हुआ। इस अखिल भारतीय स्पर्धा में तीन अलग-अलग भाषाओं हिंदी, संस्कृत व क्षेत्रीय या प्रांतीय भाषा या बोली के गीतों के कार्यक्रम के लिए 10 शालाओं से प्राप्त प्रविष्टियों में से 6 शालाओं, द आरंभ स्कूल, वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल, आदर्श विद्यालय मोवा, दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा, लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला व कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना का चयन इस प्रथम चरण की प्रतियोगिता के लिए हुआ था, जिनमें कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना सर्वश्रेष्ठ टीम (प्रथम) चुनी गईं। नगर के तीन ख्यातिप्राप्त संगीत साधक जेपी शर्मा, समीर भट्टाचार्य एवं पापिया सरकार ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महेश बिड़ला, भगवती के अलावा कर्नल सुनील मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### गांजा के साथ उत्तरप्रदेश का किशोर गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्तरप्रदेश, कौशांबी के रहने वाला एक 17 वर्षीय किशोर को गांजा तस्करी करने के आरोप में पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, किशोर के कब्जे से दो लाख रुपए कीमत का 10 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस गिरफ्त में आया किशोर गांजा तस्करी कर ट्रेन रूट से यूपी गांजा ले जाने की फिराक में था।

### जुआ खेलते देख रहे भाइयों पर चाकू से हमला

**रायपुर।** आमानाका थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, सोनू गुप्ता ने चंदन साहनी तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सोनू ने पुलिस को बताया कि वह अपने चचेरे भाई के साथ राजीव नगर गया था। एक प्लास्टिक फैक्ट्री के पास कुछ लोग झुंड बनाकर जुआ खेल रहे थे, जिसे दोनों भाई देखने के लिए पहुंच गए। इस बात से नाराज होकर चंदन ने सोनू तथा उसके भाई के ऊपर चाकू से हमला कर दिया।


### बौद्ध समाज ने मनाया धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बौद्ध महासंघ और यशोधरा महिला संघ बिरगांव द्वारा करुणा बुद्ध विहार में वर्षावास का समापन और धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन ने भगवान बुद्ध को प्रणाम किया। इस मौके पर बौद्ध समाज के सभी सदस्यों ने मिलकर, बौद्ध भिक्षु भिक्खू बुद्ध रत्नजी बालाघाट वाले को धम्म देशना के लिए आमंत्रित किया। मंच पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार, भगवान बुद्ध के विचार तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 22 प्रतिज्ञा के महत्व को समझाया।

## जनजाति गौरव दिवस पर कॉलेज में हुई एक दिवसीय संगोष्ठी

# जनजाति समाज का इतिहास है गौरवशाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





**निबंध और रंगोली प्रतियोगिता हुई** कार्यक्रम में रामचन्द्र ध्रुव एवं कुंवरसिंह पैकरा ने भी जनजाति समाज पर अपना वन्तव्य रखा।कार्यक्रम के दौरान जनजाति नायकों की फ़ोटो प्रदर्शनी, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता आदि का भी आयोजन किया गया, जिसमें की विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापक सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

दौलतराम शर्मा शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के दिशानिर्देश पर शुक्रवार को जनजाति गौरव दिवस के परिपेक्ष्य में आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य नवीन मिश्रा मौजूद रहे। साथ ही

विशिष्ठ अतिथि में रामचंद्र ध्रुव सामाजिक कार्यकर्ता, कुंवर सिंह पैकरा सामाजिक कार्यकर्ता, राजकुमार गोंड संरक्षक सर्व आदिवासी समाज, सहदेव सिंह सर्व आदिवासी समाज तथा मुख्य वक्ता के रूप में पुनेश्वर नाथ मिश्रा अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता अध्यक्षता प्राचार्य पटेल ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना संस्था प्रमुख ने दी उसके पश्चात मुख्य अतिथि नवीन मिश्रा ने जनजाति समाज के बारे में बताते हुए कहा कि जनजाति समाज के गौरव अतीत को याद कर आज हम समाज को सही आयना दिखा रहे हैं कि जो समाज हम सबके मूल में है आखिर अंग्रेजों की बनाई बातों से हम उन्हें आज अलग मानने लगे हैं, जबकि वास्तविकता उलट है, जो बातें इतिहास में जनजाति समाज को लेकर बताई जाती है, वह नहीं बताई गई। जनजाति समाज का अपना गौरवशाली इतिहास है, जिसे आज सरकार आगे ला रही या जनजाति समाज सहित सभी समाजों के लिए मिथक दूर करने का महत्वपूर्ण कार्य है।

मुख्य वक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने बताया कि सभ्यता और संस्कृति देने वाला समाज जनजाति समाज है, इनके गौरवशाली इतिहास है, जिन्हें दुर्भाग्य से कही पढ़ाया नहीं जाता स्वत्रंत्रता आन्दोलन हो या फिर भारत में बाहरी आक्रमणकारी के आने पर यदि किसी समाज ने प्रतिरोध सर्वप्रथम किया वो जनजाति समाज है, इनकी अपनी एक आध्यत्मिक ऊंचाई है। जिसकी कल्पना हम माता सबरी के संवाद से कर सकते हैं, अंग्रेजों ने इस समाज को हमेशा निचले स्तर का माना और इसका प्रचार किया यही कारण है कि लोगों में अंग्रेजों की बताई बातें असभ्यता वाली का प्रचार हुआ।

आज जनजाति नायकों की स्वतंत्रता में भूमिका पर चर्चा नहीं होती, जबकि स्वतंत्रता के असल जड़ में जनजाति समाज के नायक है। चाहे वह बिरसा मुंडा हो, रानी दुर्गावती हो कोमराम भील हो या रानी गाइदिन्ल्यू हो, वीरनारायण सिह हो तिलका माझी हो बुद्धु भगत ऐसे हजारों जनजाति वीरो ने देश की रक्षा और स्वतंत्रता के लिए प्राणों की आहुति दी हमें इतिहास 1857 से 1947 तक बताया जाता हूं जबकी इसके पहले इतिहास हमसे छुपाए गए..आज जनजाति नायकों को फिल्मों मे ऐसा दिखाया जाता है जैसे वे है नही और यही हम सबके मानसिकता में बैठ चुकी है जनजाति समाज के कई राज्य हुआ करते थे उनके अपने अलग स्थापत्य कला हुए लेकिन अंग्रेजो ने जनमानस में यह बात छेड़ी की ये असभ्य है । जो कि पूर्णतः मिथक रहे आज जंगल बचे है उनमें जनजाति समाज का अमूल्य योगदान है वे प्रकृति पूजक है आज समय है इन जनजाति समाज से विश्व को दिशा देने की क्योंकि उनका पूरा जीवन समाज मे एक गौरवपूर्ण जीवन है। समय है जनजातियों के बारे में जानने समझने की और इनके इतिहास समाजिक आर्थिक और आध्यत्मिकता को समझने की जो समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

लोगों की दृष्टि जनजातियों के प्रति तभी बदल सकती है, जब हम उन्हें दुसरों के चश्मे से न देख अपने चश्मे से देखे और समझे अंग्रेजों के बताये इतिहास से हमें जनजाति समाज समझ नहीं आएगा। आज छत्तीसगढ़ जैसे प्रान्त में हर तीसरा व्यक्ति जनजाति है, इसलिए इस विषय को जानना समझना और अनुभव में लाना महत्वपूर्ण है। आज जनजातियों के विषय में अध्ययन कर लिखने और जानने का समय है जिसे आज बौद्धिक जगत करने की कोशिश कर रहा हैं।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन में कराये गए सुरक्षित 8 प्रसव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देते हुए नगर के समीप स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसदा में एक दिन में 8 प्रसव कराए गए, जो सभी सामान्य रहे। इसमें एक प्रसव जुड़वा बच्चों का रहा, जो समय पूर्व हुआ, जिन्हें विशेष देखभाल हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया। शेष सभी शिशु और माताएं स्वस्थ हैं। कलेक्टर दीपक सोनी के दिशा निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार की स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतरी के प्रयास सतत रूप से जारी है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिजीत बैनर्जी तथा मातृ स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी डॉ. शशि जायसवाल के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसदा क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में शुरू से ही काफी आगे रहा है। इससे पूर्व भी अस्पताल को कायाकल्प में पुरस्कार मिल चुका है तथा जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर यह संस्थागत प्रसव करवाने में द्वितीय स्थान पर है। आयुष्मान योजना का अधिकतम लोगों को लाभ देने के कारण स्वास्थ्य केंद्र को सम्मानित भी किया गया है। उक्त सभी प्रसव डॉक्टर अविनाश केसरवानी, नर्सिंग ऑफिसर खिलेश्वरी दिवाकर तथा प्रमिला जांगड़े की देखरेख में हुआ।

■ पूर्व में भी अस्पताल को कायाकल्प में मिल चुका है पुरस्कार

### पॉलिटेक्निक कॉलेज खुलने पर हर्ष

**महासमुंद।** आदिवासी कंडरा कोसरिया समाज के लोगों ने कांकेर में पॉलिटेक्निक कॉलेज खुलने पर खुशी जाहिर की। गोंड़ जनजाति का शासकीय कॉलेज कचना ध्रुवा महाविद्यालय गरियाबंद में होने तथा कांकेर में कंडरा समाज के राजा के नाम पर शासकीय धर्मदेव कंडरा पॉलीटेक्निक कॉलेज खुलने से संपूर्ण आदिवासी कंडरा समाज के लिए गौरवपूर्ण की बात है। उक्त जानकारी कंडरा समाज राजिम राज मीडिया प्रभारी ने दी।

## वन विभाग ने वन्य प्राणी सुरक्षा के लिए बढ़ायी गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



वनमण्डल अंतर्गत वनक्षेत्रों में वनों एवं वन्य प्राणी की सुरक्षा एवं शिकार गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ ही ग्रामीणों में वन्य प्राणियों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए वनमंडल एवं डॉग स्क्वाड टीम द्वारा संयुक्त गश्ती की जा रही है। इस अभियान के तहत जंगल सफारी रायपुर के डॉग स्क्वाड टीम द्वारा पैदल मार्च कर सोनाखान, देवपुर, बारनवापारा अभ्यारण्य एवं वन विकास निगम के क्षेत्र से लगे गांवों में गश्ती कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। पैदल मार्च के दौरान डॉग स्क्वाड संयुक्त टीम द्वारा ग्रामीणों को वन्य प्राणी की सुरक्षा करने, अवैध शिकार एवं अवैध कटाई न करने संबंधी समझाइश दी जा रही है।

साथ ही वनक्षेत्रें के सभी बेरियरों में त्यौहार के सीजन को ध्यान में रखते हुए आने-जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। गांवों में वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा डॉग स्क्वाड टीम के साथ मिलकर यह अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा वन्य प्राणी के दृष्टिकोण से अति-संवेदनशील क्षेत्र होने पर लगातार समझाईश एवं गश्ती का कार्य किया जा रहा है। वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा हेतु विभाग निरंतर प्रयासरत है।

■ डॉग स्क्वाड टीम ग्रामीणों को कर रही जागरूक

## नहर का पानी धान कटाई में पहुंचा रहा व्यवधान, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



स्थानीय ग्राम सहित आसपास के कोलिहा, सरवाड़ीह, चिरपोटा, जामडीह, कोहरौद, कारी गदहीड़ीय, गिदोला, लाहौद, जुड़ा पैजनी, बरदा, ढनढनी व आसपास के गांवों में धान फसल पूर्णता पककर तैयार हो गई है।

किसान फसल काटने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर लवन टेल ऐरिया होने के चलते नहर में अहिल्दा और लवन की ओर बहुत ज्यादा मात्रा में नहर से पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे जमीन गीली होने से धान कटाई में किसानों को परेशानी व नुकसान उठाना पड़ेगा, जिससे किसान उमाशंकर वर्मा, सूमेर वर्मा, नारायण वर्मा, राजेंद्र प्रसाद पांडे, कलिस्टर रात्रे, सरोज रात्रे, दिनेश जोशी, मेला राम रजक, प्रवीण पांडे, गिरवर वर्मा, चंद्रेश वर्मा, तुलाराम वर्मा, पीला राम वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, सेवक राम वर्मा, बालाराम वर्मा, आसाराम, पूरन वर्मा, प्रेमलाल वर्मा, तिलक राम, राजकुमार वर्मा, अनिल खूंटे, कोमल वर्मा, पुलस वर्मा, गेंद वर्मा, अवध राम वर्मा, महेश वर्मा, सरवन वर्मा, सरोज वर्मा, नरेंद्र वर्मा सहित किसानों ने शासन से इस ओर नहर का पानी बंद कराने की मांग की है।

■ नहर का पानी बंद कराने किसानों ने की मांग

## रेडक्रॉस 108 स्टॉफ ने सीखा आपातकाल में मरीजों की सहायता का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



भारतीय रेडक्रास द्वारा संजीवनी 108 कर्मचारियों को एक दिवसीय इमरजेंसी फर्स्ट ऐड की ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान मौजूद मेडिकल ऑफिसर डॉ. साहिल द्वारा ट्रेनिंग प्रदान की गई। विदित हो कि ट्रेनिंग में मुख्य रूप से किन परिस्थितियों में मरीज को सीपीआर प्रदान करने के अलावा फैक्चर की स्थिति में मरीज का उपचार करना है। इलेक्ट्रिक शॉट चोकिंग सहित अन्य बिंदुओं पर ट्रेनिंग दी गई। उल्लेखनीय है कि आमजनता के द्वारा जैसे ही 108 कॉल सेंटर के माध्यम से किसी भी दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही दुर्घटना स्थल पर संजीवनी 108 एम्बुलेंस पेशेंट को लेने के लिए पहुंच जाती है। इमरजेंसी के समय मरीज को प्राथमिक उपचार देते हुए, कैसे सुरक्षित अस्पताल तक पहुंचाया जा सकता है, जिससे मरीज की जान बचाई जा सके। यह ट्रेनिंग में मुख्य रूप से जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान 108 के समस्त ऑफ ड्यूटी स्टॉफ मौजूद रहें।

### पटेल समाज का भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पटेल समाज का भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव, नंदनी पटेल, सरस्वती मूर्ति, अन्नपूर्णा निर्मलकर, द्रोणाचार्य साहू, राजेंद्र निर्मलकर, विनोद गहरवाल, भुनेश्वर साहू, कुंदन प्रजापति, रजऊ जलक्षत्री, समाज प्रमुख जनक पटेल, झाड़ू राम पटेल, मनोज पटेल, केशव पटेल, लखन पटेल, संतोष पटेल, शिव न्नु पटेल, चेतन पटेल, डोमार पटेल आदि मौजूद रहे।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000
₹ 90,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## हर महीने 11 सौ मेंटेनेंस चार्ज फिर भी बिल्डिंग जर्जर, लिफ्ट खराब व सुरक्षा गार्ड भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नवा रायपुर के सेक्टर-27 में बनी 18 मल्टी कालोनी फ्लैट्स बिल्डिंग की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। ये बिल्डिंग पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण यहां कभी भी हादसा हो सकता है।

इस बिल्डिंग में न ही सुरक्षा गार्ड की तैनाती की गई है और न ही लिफ्ट के लिए कोई ऑपरेटर रखा गया है। इसके कारण बार-बार लिफ्ट भी खराब होती रहती है, जिसके कारण यहां के रहवासियों को हर रोज परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस बिल्डिंग में रहने वाले लोगों का कहना है कि पानी और बिल्डिंग मेंटनेंस के नाम पर हर महीने रहवासियों से 11 सौ रुपए लिया जाता है, इसके बाद भी उन्हें सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।

## पेज 9 के शेष

### आकस्मिक अवकाश ...

रखने के लिए संशोधित आदेश जारी करने की मांग की। संघ की मांग पर स्वर्णकार ने तुरन्त ही अपने शाखा लिपिक को बोलकर इसके लिए संशोधित आदेश तैयार करने का निर्देश दिया, पश्चात संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर के स्टेनो को भी इस बात से अवगत कराया। शीघ्र ही आकस्मिक अवकाश को प्रतिबंध से मुक्त रखने का संशोधित आदेश कलेक्टर कार्यालय जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा जारी किया जाएगा। संघ के इस प्रयास की प्रशंसा समस्त कर्मचारी संगठनों ने मुक्त कंठ से की है।

### कार्य में लापरवाही...

गया था, किन्तु आपके द्वारा उक्त निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है, जो कि सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विरूद्ध है। साथ ही कार्य के प्रति उदासीनता एवं गंभीर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर 3 दिवस के भीतर दें। जवाब संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जावेगी।

### कंटेनर के टकराने ...

जिससे कभी बड़ी घटना घट सकती थी। वहीं ठीक सामने सरकारी स्कूल भी है, जहां स्कूली बच्चों का आना जाना लगा रहता है, उस स्वागत द्वार को तुड़वाने के लिए प्रयास भी किया गया था वर्तमान सरपंच एवं पूर्व सरपंच रामायण निराला द्वारा संधित विभाग के अधिकारियों से लिखित एवं मौखिक निवेदन किया गया था।

### दीपावली पर्व शांति...

प्रेम पूर्वक दीपावली पर्व मनाने एवं नगर में आपसी सद्भाव एवं भाईचारा का वातावरण बनाए रखने में अपनी सहमति दी।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बंगोली में सांस्कृतिक कार्यक्रम 3 को

**बंगोली।** ग्राम बंगोली में इस वर्ष भी कर्मचारी संघ व सांस्कृतिक विभाग के सहयोग से दिपावली पर्व पर 3 नवंबर रविवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम लोककला मंच अंजोरी स्व.पंचराम मिर्झा के पुत्र दिलीप मिर्झा द्वारा बाजार चौक रंगमंच में रखा गया है।

### 400 कलाकारों ने रजत जयंती राज्योत्सव का किया शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण राज्योत्सव के संस्थापक राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी द्वारा बुधवार को रजत जयंती राज्योत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रजत जयंती राज्योत्सव स्मारिका के विमोचन के अलावा वरिष्ठ आंदोलनकारियों को सम्मानित भी किया गया। राज्योत्सव में 400 लोक कलाकारों के नृत्य और गीत से समां बांध दिया।राज्योत्सव के संस्थापक प्रमुख राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी का रजत जयंती राज्योत्सव के अवसर पर सैकड़ों लोक कलाकारों द्वारा भव्य आकर्षक नृत्य करते हुए साहू कंपलेक्स टिकरपारा से 3:00 बजे निकले। रैली का नेतृत्व छसपा अध्यक्ष जी.पी.चंद्राकर,अनिल दुबे,दीनदयाल वर्मा,लालाराम वर्मा,चेतन देवांगन महेंद्र कौशिक,वेगेन्द्र सोनवेर,छन्नू साहू आदि ने किया। लोक कलाकार नृत्य प्रदर्शन करते हुए सिद्धार्थ चौक,कालीबाड़ी चौक, श्याम टॉकीज, पुरानीबस्ती, कंकालिन पारा,आजाद चौक, तात्यापारा, फूल चौक, शारदा चौक, जय स्तंभ चौक, कालीबाड़ी होते हुए साहू परिसर पहुंचे। यहां इसका समापन हुआ।

### 3 दिन से कोमा गांव में फैला है डायरिया, 49 लोग बीमार

**महासमुंद।** जिले के खल्लारी विधानसभा के ग्राम कोमा में डायरिया की शिकायत सामने आई है। पिछले 3 दिन से यहा लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत हैं। तकरीबन 49 लोगों को बागबाहरा अस्पताल तथा कुछ को महासमुंद जिला अस्पताल सहित एक गंभीर मरीज को रायपुर भी रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अब तक 49 लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत सामने आई है। ग्राम के पंचायत भवन में चंद्रकुमार दीवान व नंदू दीवान को ड्रिप भी लगाया गया। मनोत्री बाई पति श्यामो को महासमुंद से रायपुर रेफर किया गया है, उसी प्रकार कई मरीज स्वेच्छा से महासमुंद के एक निजी अस्पताल में भर्ती हुए हैं और कई लोग बागबाहरा में भर्ती हैं।

## निधन

### रमन लाल यदु



**पलारी।** ग्राम घिरघोल निवासी 45 वर्षीय रमन लाल यदु का गत दिनों निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया। वह सुकालु राम यदु वरिष्ठ समाज सेवी के बड़े पुत्र व हेमेंद्र, यशवंत, त्रिपति नारायण यदु के बड़े भाई थे।

### साखाराम साहू



**पलारी।** ग्राम छड़िया के प्रतिष्ठित नागरिक साखाराम साहू 70 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे टीकाराम साहू के पिता और हिरालाल, तेजराम साहू के भाई तथा वे गांव के महंत बाड़ा के दरोगा थे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट

■ बोटाक्स-फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

# जीवन में सच्चा मित्र वही जो हमेशा स्पष्ट बोले और सही राय दे

## कार्तिक रामायण के प्रवचन में अच्छे मित्र होने की गिनाई गई उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिसका मन सांप की चाल के समान टेढ़ा है, ऐसे कुमित्र को तो त्यागने में ही आपकी भलाई है। सच्चा मित्र हमेशा स्पष्ट बात करता है। सच्चा मित्र आपको सही राय देता है। मित्रता में एक–दूसरे के प्रति खुला हृदय होना चाहिए। उक्त बातें ग्राम सकरी में आयोजित कार्तिक रामायण के अवसर पर प्रवचन कर्ताओं द्वारा कही गई। उन्होंने कहा कि अच्छा मित्र जीवन में बड़ी उपलब्धि है। चौपाई में लिखा है कि जो सामने तो कोमल वचन कहता है और पीठ–पीछे बुराई करता है, ऐसे लोगों से हमेशा दूरी बनाकर रखना चाहिए क्योंकि ये स्वार्थी होते हैं।



### शक्तिशाली को संयमी होना जरूरी है

लक्ष्मणजी ने तब भगवान रामजी को उनकी शक्ति और क्षमता को याद दिलाते हुए कहा था कि आप स्वयं इतने शक्तिशाली हैं कि एक बाण में समुद्र को सुखा सकते हैं, फिर सागर से अनुनय–विनय क्यों? भगवान राम यह सब जानते थे, लेकिन फिर भी इन्होंने शक्ति से पहले शांति से परिस्थितियों को हल करने का प्रयास किया और बताया कि शक्तिशाली को संयमी होना भी जरूरी है। आप अपने भरोसे पर काम कीजिए ईश्वर स्वयं आपकी सहायता करेंगे।

रामचरितमानस में भगवान श्रीराम के चरित्र का चित्रण जितने प्रभावशाली तरीके से किया गया है, उतने ही प्रभावशाली तरीके से भगवान राम के माध्यम से जीवन को जीने का तरीका भी बताया गया है। रामचरित मानस के बालकांड में भगवान विष्णु के रामावतार का कारण और भगवान की लीला का उद्देश्य समझाते हुए बताया गया कि कोई भी इस भ्रम में न रहे कि वह सर्वज्ञानी है या कोई हमेशा मूर्ख ही रहेगा। भगवान की जब जैसी इच्छा होती है, तब वह प्रत्येक प्राणी को वैसा बना देते हैं। इसलिए कभी किसी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए, जो अहंकार करते हैं। वह समाज में कभी आगे नहीं बढ़ पाते। जब भगवान राम सागर पार करने के लिए सागर से रास्ता मांगने के लिए ध्यान करने जा रहे थे।

**खेलकूद**

# खेल हमें सिखाता है हर स्तर पर संघर्ष और मेहनत करना


*कलेक्टर ने किया जिला स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा का शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगढ़-बिलाईगढ़

जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ खेल भाटा स्टेडियम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बैनर तले जिला स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा का वृहद आयोजन कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू एवं जिला अधिकारियों की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ।

कलेक्टर ने धावकों को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम प्रारंभ करवाया। मंच पर कलेक्टर के साथ जिला नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, मधु बघेल, शिक्षा शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एल पी पटेल, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी फकीरा यादव, अब्बास अली, गोल्डी नायक, कैजार अली, विनोद भारद्वाज विशेष रूप से शामिल रहे। विभाग के प्रभारी जिलाधिकारी कौशल ठेठवार एवं समस्त जिला क्रीड़ा अधिकारियों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों और गणमान्य जन का गुलदस्ता भेंट कर अभिवादन किया। उक्त अवसर पर कलेक्टर ने आगंतुकजन समस्त खेल अधिकारियों एवं खिलाड़ियों से कहा की जीवन में खेल का बड़ा महत्व है खेल हमें हर स्तर पर संघर्ष करना मेहनत करना लड़ना सीखाता है। आप सभी बच्चियां अपने विभिन्न खेलों का निरंतर अभ्यास करें। खेल के माध्यम से आगे बढ़े, हमारे जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। पूर्व विधायक केराबाई मनहर ने खिलाड़ियों के बीच टॉस कराया तो भाजपा नेत्री वैजयंती नंदू लहरे जिपं सदस्य, नंदनी वर्मा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, चंद्रिका सिंह ठाकुर, मनोज जायसवाल शहर मंडल अध्यक्ष एवं पत्रकारों ने रास्साकशी खो खो वॉलीबॉल बैडमिंटन और दौड़ के खिलाड़ियों को पुरस्कृ किया।

सभी विजेता खिलाड़ियों को जिले के अधिकारी एवं गणमान्यजनों ने मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। उक्त अवसर पर भारत अग्रवाल, गोविंद बरेठा, संजय मानिकपुरी, जनसंपर्क अधिकारी देवराम यादव, क्रीड़ा अधिकारी मोहनलाल क्वार्थ, आरती शुक्ला, श्रुति चौबे, ममता साहू, पूजा अकेला, सुरेंद्र पैंकरा, मनोहर पैंकरा, राजकुमार पैंकरा, मोरध्वज साहू, गोविंद साहू, शिव शंकर साहू, राजाराम उरांव उपस्थित थे।




### ये रहे विजेता

वहीं 100 मीटर दौड़ में अशोका पब्लिक स्कूल सारंगढ़ प्रथम स्थान एम्मा कुजूर, बिलाईगढ़ द्वितीय स्थान कुसुम एवं बरमकेला सुनीता सिदार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तवा फेक में अनू भारती, वेटलिफ्टिंग में एम्मा श्रुति, सोनाक्षी साहू, खीर बाई, बैडमिंटन में एकल रानी साहू, सामूहिक पूजा अकेला कुश्ती में तारिणी विजेता रही।

# संकुल स्तर पर हुई विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत में संकुल स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिता प्रेमभुवन प्रताप सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस खेल मैदान में संपन्न हुई। संकुल स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिता का शुभारंभ जनभागीदारी के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि सुरेश रघु ने किया। प्रतियोगिता में संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया।वहीं खेलकुद प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, खो-खो, रस्साकस्सी, कबड्डी खेल शामिल था। कार्यक्रम में सुरेश रघु, गिरिजाशंकर धीवर, विजय साहू, सीमा ठाकुर, चिन्मयी तृप्ति मिश्रा, प्रियतम भारद्वाज, संजीव जायसवाल, दरस राम राजेत्री, दिनेश खुटे, रामेश्वर देवांगन, पुष्पा साहू, ममता कुर्रे, सुरेश पटेल, मयंक मोहन चांदनी दस, एकता जायसवाल, ओ पी करियारी, निशा राठौर, कौशल्य पटेल उपस्थित थे ।

# शिक्षिका ने कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट की शिक्षिका संध्या पैकरा द्वारा आगामी दीपावली त्यौहार की खुशियों और सभी की सुख शांति की कामना के साथ शाला में न्योता भोज कराया गया । इसमें सभी बच्चों शिक्षकों और उपस्थित पालकों को केला, जलेबी भजिया, पूरी, खीर, सब्जी, पापड़, पोषण आहार के साथ न्योता भोज में परोसा गया। इस दौरान बच्चों को उपहार में पेंसिल और पेन भेंट की गई, जिससे विद्यार्थि प्रफुल्लित नजर आए। शिक्षिका ने सभी विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आकर शिक्षा ग्रहण करने प्रेरित किया। शाला परिवार के शिक्षकों ने न्योता भोज के लिए शिक्षिका संध्या पैकरा की सराहना की गई।



# मांगों को पूरा कराने शिक्षक संघ ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से सौजन्य मुलाकात कर शिक्षक संवर्ग के विभिन समस्याओं से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की।

इसमें प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति, शिक्षक पद पर पदोन्नति का प्रस्ताव, आकस्मिक अवकाश के लिए अनुमति पर चर्चा, शिक्षक गौरव अलंकरण के लिए निचले स्तर से अनुमोदन के बाद दिया जाना, समस्त डीडीओ को सेवा पुस्तिका संधारण करने आदि विषयों पर सकारात्मक चर्चा की गई। साथ ही मध्यान्ह भोजन एप मेसेज नहीं किए जाने वाले शिक्षकों का वेतन रोकने की कार्रवाई को निरस्त करते हुए वेतन स्वीकृति का आदेश प्रसारित किया गया।

इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संरक्षक बी एल चंद्राकर, जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, सचिव योगेंद्र पड़वार, संगठन सचिव जायंती लाल कुर्रे, ब्लाक अध्यक्ष पंचराम साहू, तहसील सरसीवा अध्यक्ष भगवान प्रसाद दुबे, तहसील भटगांव अध्यक्ष बुद्धेश्वर कुमार कश्यप,सचिव कमलेश साहू,कोषाध्यक्ष मूल चंद देवांगन,प्रचार सचिव नारायण सिंह तोमर, सरसीवा तहसील उपाध्यक्ष लोकनाथ मानिकपुरी, मलेछ राम, योगेश साहू,संतोष श्रीवास, पीतांबर साहू, झूमक लाल कश्यप आदि उपस्थित थे।



# एड्स नियंत्रण प्रश्नोत्तरी में अंबुजा को मिला प्रथम पुरस्कार




**पलारी।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान जिला रेड रिबन क्लब अंतर्गत एड्स नियंत्रण के संबंध में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में जिलेभर के सभी स्कूलों के रासेयो स्वयंसेवकों ने भाग लिया। आयोजन में मुख्य अतिथि नीता बाजपाई राज्य एनएसएस अधिकारी व नोडल अधिकारी रेड रिबन रही। अध्यक्षता एआरसी जेम्स प्राचार्य डीके महाविद्यालय नीतू मंडावी सहायक संचालक छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति, राजेंद्र विश्वकर्मा प्राचार्य शास. उच्चतर माध्यमिक शाला सोनारदेवरी, कल्पना भगत रासेयो कार्यक्रम अधिकारी संजीव राय नरेंद्र देव मिर्जा के आतिथ्य में संपन्न हुई। इसमें अंबुजा विद्या पीठ रवान को प्रथम पुरस्कार मिला सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उज्वल भविष्य की कामना की गई। उक्त अवसर पर भारी संख्या में रासेयो स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# 1 नवम्बर से धान खरीदी करे सरकार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

कामता सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने सरकार से धान खरीदी 1 नवंबर से करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है, यहां की जनता की आमदनी का जरिया कृषि है और धान यहां की मुख्य फसल है। हर साल सरकार किसानों की उपज को 1 नवंबर से खरीदना शुरू करती थी, जिसकी 31 जनवरी तक खरीदी होती थी, मगर इस वर्ष विष्णु देव साय सरकार द्वारा धान खरीदी 15 नवंबर से करने की घोषणा की है जिससे किसानों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। किसानों की हारूनहा किस्म की धान पककर तैयार है और इसकी कटाई का कार्य भी चालू कर दिया गया है।

अब किसानों के पास इनको रखने की समस्या आ रही हैं, क्योंकि घर से अब कोठी गायब हो चुकी है, कोठार में रखवाली के साथ साथ चूहों द्वारा नुकसान फिर मौसम की खराबी का डर तथा बोरे की कमी इन सब के अलावा सरकार द्वारा 15 दिनों की देरी से खरीदी के चलते किसान अपनी फसल को मंडी या कोचियों के माध्यम से सस्ते दर पर बेचने मजबूर हैं। उसके साथ–साथ देर से पकाने वाली वैरायटी भी 15 नवंबर तक आ जाएगी और जब एक साथ किसान धान बेचने पहुंचेंगे तो धान खरीदी केंद्रों में भगदड़ का माहौल रहेगा, जिससे धान खरीदी भी प्रभावित होगी। एक तरफ सरकार किसानों की आमदनी दुगनी करने की बात करती है, दूसरी ओर उनकी फसल को लेने की समय सीमा कम कर किसानों को छलने का काम कर रही है।

पूर्व के वर्षों में भी 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू कर 31 जनवरी तक का समय किसानों को कम पड़ जाता था।

इस बार 15 दिनों की कमी कर सरकार किसानों को आपस में लड़ाने का कार्य कर रही है। यदि सरकार की नियत किसानों के प्रति साफ है, तो उन्हें अपना यह तुगलकी फैसला बदलते हुए 1 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करनी चाहिए।



■ किसानों की समस्याओं पर अमल करते हुए जनप्रतिनिधियों ने उठायी आवाज

# बालिकाओं का सुआ नृत्य ...



**बंगोली।** ग्राम कुर्रा में दीपावली पर्व पर लोगों के घर जाकर अंगना में छोटी–छोटी बालिकाएं सुवा नृत्य कर बदले में रुपया पैसा, अन्नदान ले रही है। सुवा नत्य में खुशी साहू, वैष्णवी साहू, रुखमणी साहू, तारणी साहू, जिज्ञासा धीवर, संतोषी साहू एवं हीना साहू शामिल हैं।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए साईं मंदिर सेवा समिति ने किया सम्मान

# प्रधानपाठक अरुण कुमार और राजेश कुमार सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले और राज्य व जिला स्तर पर पुरस्कार प्राप्त कर नगर का नाम रोशन करने वाले शिक्षकों का श्री साई मंदिर सेवा समिति द्वारा सम्मान किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला ग्वाली में पदस्थ प्रधान पाठक अरुण कुमार देवांगन तथा शासकीय प्राथमिक शाला घाना में पदस्थ राजेश कुमार देवांगन दोनों को साईं सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि दोनों ही शिक्षकों ने अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, जिसके परिणाम स्वरूप ब्लॉक स्तरीय बेस्ट टीचर, रुम टू रीड बेस्ट टीचर, राज्य स्तरीय नवाचार शिक्षक, शून्य निवेश माडल जिला स्तरीय, समर कैम्प में पुरस्कृत किया गया है। जबकि राजेश कुमार देवांगन को भी उनके योगदान के लिए सारंगढ़ जिले में पुरुस्कृत किया गया है।

श्री साईं मंदिर सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि नगर में या आसपास क्षेत्र में कला साहित्य कविता नाटक मूर्ति कला पेंटिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, खेलकूद, प्रत्योगी परीक्षा में चयनित, समाज सेवा आदि क्षेत्र में जिन लोग भी समाज को नई ऊर्जा, नया प्रेरणा देने का कार्य करते हुए नाम रोशन करते हैं उन्हें हम लोग सम्मानित करेंगे। सम्मान में साल श्रीफल, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ती पत्र प्रदान किया जाता है। समिति के वरिष्ट सदस्य पंकज दुबे ने बताया कि हमारी समिति कोरोना काल में ऑक्सीजन सिलेंडर देने का कार्य, भूखो को भोजन घर-घर पहुंचाकर निःशुल्क देने का कार्य और सुखा राशन निशुल्क वितरण का कार्य करते रही है, जिसमें नगर वासियों का भरपुर सहयोग मिलता है। साईं सेवा सम्मान देने का उद्देश्य उस व्यक्ति का उत्साह बढ़ाना, प्रोत्साहित करना और उनसे समाज के लोगों को युवाओं को प्रेरणा मिले, ताकि वे भी सकारात्मकता के साथ ऐसा कार्य करें, जिससे उनका और नगर का नाम रोशन हो। साईं सेवा सम्मान अवसर पर समिति के अध्यक्ष रुपनारायण सिंह राजपूत, वरिष्ठ शिक्षक जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, प्रधान पाठक राकेश देवांगन, राम मनोहर गुप्ता, राजेश केशरवानी, अनुप केशरवानी, सोनी, कृष्णकुमार वैष्णव उपस्थित थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411